महत्वपूर्ण एवं खास

पोड़ी ब्लाक को सूखाग्रस्त घोषित करने ज्ञापन

कोरबा। बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। अब तक 30 प्रतिशत भी धान की बुवाई और रोपाई का काम नहीं हो सका है। सावन का महीना बीतने को है मगर मौसम की बेरुखी बरकरार है। ऐसे में धान की खेती करने वाले किसान उदास हैं कमोबेश समान स्थिति कोरबा जिले की भी है, कोरबा जिले में भी बारिश नहीं होने से धान की खेती की समस्या पैदा हो गई है, कुछ किसान किसी तरह धान की रोपाई कर ले रहे हैं तो तेज धूप के कारण पत्तियां पीली पड़ जा रही हैं। कोरबा जिले के पोंडी उपरोड़ा ब्लॉक में अल्प वृष्टि, खण्ड वर्षा होने की स्थिति में यहां के किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश न होने की स्थिति में खेतों में दरार पड़ रहे हैं। पोंडी उपरोड़ा के अनुविभागीय कार्यालय में आज सैकड़ो की संख्या में किसानों के साथ पोंडी उपरोड़ा क्षेत्र में सूखे की मार के कारण सरपंच संघ,जनपद सदस्य किसानों के साथ मिलकर अनुविभागीय अधिकारी नंदजी पांडेय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिये उन्होंने पूरे विकाश खण्ड को सुखा ग्रस्त घोषित कर अविलम्ब उचित मुआवजा हेतु मांग की है। ज्ञापन देने प्रमुख रूप से बीरेंद्र मरकाम, कोमल सिंह, मदन मरावी, दीपक उदय, चन्द्र प्रताप उर्रे, रामकुमार यादव, प्रह्लाद बिंझवार, रवि मरकाम, मनोहर श्रोते, हार सिंह, गजेंद्र सिंह, सहदेव सिंह, रतन यादव, नकुल नायक, मान सिंह मरकाम व अन्य जनप्रतिनिधि तथा सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

पड़ोसी राज्यों में लगातार बारिश के कारण फिर बढ़े सब्जियों के दाम

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की सब्जी मंडी में सब्जियों के दाम में काफी तेजी आई है. बारिश के कारण सब्जियों के दाम हाई है. प्याज, टमाटर छोडक़र सब कुछ काफी महंगा चल रहा है. बरबटी, भिंडी 60-60 रुपये किलो बिक रही है. करेला 60 रुपये किलो है. बैंगन 40 रुपये किलो बिक रहा है. पत्तेदार सब्जियां के दाम भी बढ़े हैं. अदरक, लहसुन, हरी मिर्च 80 रुपये किलो मिल रहा है. धनिया पत्ती 120 रुपये किलो मिल रही है. फूलगोभी का दाम 60 रुपये किलो है. फलों के दाम भी बढ़ गए हैं।

मुख्यमंत्री भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल हुए

रायपुर (आरएनएस)। सावन के पवित्र माह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर गुढिय़ारी स्थित मारूति मंगलम परिसर में आयोजित भव्य कांवड़ यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यात्रा के शुभारंभ में मंत्रोच्चार और विधि-विधान से कांवड़ पूजा की और कांवड़ यात्रा की अगुवाई कर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने इसके पूर्व मच्छी तालाब हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय भी उपस्थित थे। कांवड़ यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष भक्तजन भजन की धुन पर थिरकते हुए श्रद्धालु कांवड़ लेकर शामिल हुए। कांवड़ यात्रा का आयोजन रायपुरा महादेव घाट हटकेश्वर मंदिर तक किया गया है।

फैक्ट्री से भारी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद

महासमुंद (आरएनएस)। सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बाद राजस्व प्रशासन और पर्यावरण संरक्षण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत अनुविभागीय अधिकारी महासमुंद भागवत जायसवाल के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम द्वारा बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र के पास मेसर्स वीर थर्मो फोमिंग प्राइवेट लिमिटेड के परिसर से सिंगल यूज प्लास्टिक कैटरिंग आइटम डिस्पोजेबल ग्लास और कप का बड़ा जखीरा बरामद किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार सूरज बंछोर, राजस्व निरीक्षक खूबचंद वर्मा और पर्यावरण मंडल की ओर से सहायक अभियंता प्रसन्ना सोनकर, उप अभियंता एस के चौधरी ने फैक्ट्री परिसर में दबिश देकर 276 कार्टून डिस्पोजेबल गिलास और कप का भंडारण पाया। जिसे जब्त कर सीलबंद की कार्रवाई की गई।

रायपुर ,रायगढ़,राजनांदगांव व दुर्ग के बड़े ज्वेलरी व कपड़ा कारोबारियों पर ईडी का छापा

❒ मची खलबली,दुर्ग के एक सीए के घर भी पहुंची टीम

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय ने राजधानी रायपुर ,राजनांदगांव व दुर्ग के ज्वेलर्स व बड़े कपड़ा व्यापारियों के यहां दबिश दी है। शुक्रवार सुबह से शुरू हुई इस कार्रवाई से व्यापारियों में हडक़ंप है। ईडी की अलग अलग टीमें इन व्यापारियों के घर पर पहुंची हैं। बताया जा रहा है कि रायपुर के अलावा दुर्ग में भी कुछ ज्वेलर्स व एक सीए के घर पर ईडी की रेड पड़ी है। सुबह से ही इनके घरों में दस्तावेजों की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि ईडी के साथ डायरेक्टर ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (राजस्व आसूचना निदेशालय) की टीम भी पहुंची हुई है।

अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार प्रवर्तन निदेशालय की टीमें शुक्रवार सुबह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर व दुर्ग पहुंची। बताया जा रहा है कि इस टीम में रायपुर और नागपुर के अफसर शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार ईडी की टीमें अब तक रायपुर में सुमित ज्वेलर्स, पगारिया ज्वेलर्स, कपड़ा कारोबारी शांतिलाल बरडिया के यहां पहुंची है। दुर्ग में भी ईडी की टीम सहेली ज्वेलर्स, नवकार ज्वेलर्स व सीए कोठारी कोठारी ब्रदर्स के निवास पर पहुंची है।

इसके अलावा राजनांदगांव में भी ईडी के रेड की खबर है। फिलहाल इन सभी स्थलों पर ईडी जांच कर रही है। फिलहाल रेड को लेकर अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। ईडी के टीम के कुछ अन्य जिलों में जाने की सूचना है लेकिन इसकी पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। रायपुर व दुर्ग में ईडी की रेड से यहां के व्यापारियों में खलबली मची हुई है।

ईडी व डीआरआई की टीमों की दबिश के पीछे दो दिन पहले हुई आईटी रेड की कार्रवाई को कारण माना जा रहा है। आयकर विभाग की टीमें रायपुर, महासमुंद, कोरबा और रायगढ़ में 10 से अधिक घरों-प्रतिष्ठानों और कार्यालयों पर जांच की थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान बड़ी मात्रा में सोना पाया गया। इस मामले में आज ईडी व डीआरआई की टीमें जांच करने पहुंची हैं।

मौसम विभाग की चेतावनी : दक्षिण छत्तीसगढ़ में हो सकती है भारी बारिश

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश भर में शुक्रवार को हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। साथ ही बस्तर क्षेत्र में भारी से अति भारी वर्षा हो सकती है।

प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून द्रोणिका के साथ ही आने वाले एक से दो दिन में एक निम्न दबाव का क्षेत्र पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहा है। इसके चलते मौसम में बदलाव हो रहा है। बुधवार को हुई बारिश के चलते गुरुवार को रायपुर सहित प्रदेश भर में सुबह से ही बादल छाए रहे। साथ ही अधिकतम व न्यूनतम तापमान में थोड़ी गिरावट रही। मौसम विभाग का कहना है कि मौसम का मिजाज अब बदलने लगा है और फिर से लगातार बारिश हो सकती है।

गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश भर में कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर में सर्वाधिक 33.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि मानसून द्रोणिका बीकानेर, शिवपुरी, जबलपुर, रायपुर होते हुए दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक मध्य समुद्र तल पर स्थित है। एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी कते ऊपर सात अगस्त तक बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से शुक्रवार को प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा के आसार है।

क्लोनिंग बाक्स बनाकर लगाई लाखों की चपत, 15 लोगों के खिलाफ अपरार्ध दर्ज

कोरबा। एक टिकट में कई पिक्चर देखने की तर्ज पर कोरबा में फर्जीवाड़ा करने का अपनी तरह का अलग मामला सामने आया है। कुछ लोगों ने मिलकर सेटअप बॉक्स की ही क्लोनिंग कर डाली। एक आईडी और एक सेटअप बॉक्स का फर्जी तरीके से अलग-अलग कनेक्शन देकर न सिर्फ कई तरह के टैक्स की चोरी की गई बल्कि इसके मूल कर्ता-धर्ता को भी लाखों की चपत लगाई गई है। इस में 15 लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार अरविंद सिंह पवार पिता हरी सिंह पवार उम्र 42 साल निवासी 63 न्यू देवास रोड इंदौर मध्यप्रदेश हाल पता शिवालय होटल दर्री के साथ यह धोखाधड़ी हुई है। अरविंद सिंह पवार ने बताया कि वह केबल संचालन व केबल लाइन लीज पर लेकर काम करने का व्यवसाय मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ में विगत 2011 से कर रहा है। 2014 में वंदे मातरम केबल से जुडक़र कोरबा में अलग-अलग जगह में केबल लीज पर लेकर और वंदे मातरम केबल नेटवर्क के साथ मिलकर डायेक्टर कनेक्शन का कार्य कर रहा है। कोविड महामारी के समय से गृह निवास इंदौर में स्थायी रूप से चला गया था और लंबे समय तक यहां नहीं आने पर जयपाल उर्फ विक्की गुलाटी व 14 अन्य उसके कनेक्शनों पर स्वयं कार्य करने लगे। 01 अगस्त 2020 को जब अरविंद वापस आया और अपना हिसाब मांगा तो घाटा अर्थात कनेक्शन सेटअप बाक्स में कमी बताया। उसने सेटअप बाक्स के सब्सक्रिप्शन आई.डी. के नम्बरो का मिलान किया तो बडी गडबडी दिखी। एक ही सबक्रिशन आई.डी. के 3 से 4 डिब्बे लाईनों पर चल रहे थे जिसे साधारण भाषा में क्लोनिंग बाक्स बोला जाता है। इस डिजिटल साईबर क्राईम में एक गिरोह शामिल है जिसे जयपाल सिंह गुलाटी संचालित करता है। क्लोलिंग बाक्स बनाकर ये मौजूदा एम.एस.ओ. केन्द्र सरकार को प्रतिमाह लाखों रूपये का आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं।

अरविंद को पिछले माह किसी ने बताया कि विक्की गुलाटी ने दर्री एक होटल शिवायल में एक ही नम्बर के दो डब्बे होटल के अलग-अलग रूम में चला रहा है। उसी होटल में अरविंद के नाम से फर्जी आई.डी. बनाकर एक ही नम्बर के दो डब्बे अलग अलग रूम में चला रहा था ताकि अगर फंसने की बात आये तो अरविंद की आई.डी. दिखाकर बच सकें। अरविंद के आई.डी., मोबाईल नंबर, ई.आई.डी., आफिस एड्रेस सब अपनी मर्जी का डालकर गलत काम कर रहे थे। यह गिरोह पे-नेट द्वारा निर्मित सेटअप बाक्स का क्लोन बनाकर अवैध केबल का अवैध लाभ प्राप्त करता आ रहा है। अन्य शहर में भी पे-नेट कंपनी के बाक्स का वितरक बनकर स्वतंत्र कार्य कर एम.एस.ओ और केन्द्र सरकार को लाखो रूपये का नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसमें पे-नेट कंपनी जो कि बैंक करप्ट हो चुकी है उसके कुछ उच्च अधिकारी भी शामिल हैं। इस क्लोंनिंग का फायदा उठाकर कोरबा शहर के एक अन्य एम.एस.ओ. के मैनेजर अजय गुप्ता और उसके साथ आपरेटर वेदपुरी गोस्वमी, गंगापुरी गोस्वामी व अन्य अपरेटर अपने आधे कनेक्शनों पर पे-नेट के डिब्बे लगाकर उन्हे क्लोन कर बाजार में चला रहे हैं।

फिलहाल अरविंद की रिपोर्ट पर जयपाल सिंह ऊर्फ विक्की गुलाटी अंजन चौधरी, उदय प्रताप सिंह, भास्कर चटर्जी, पुरूषोत्तम कर्ष, करन सिंह ठाकूर, संतोष पटेल, आशीष नामदेव राजीव पंजारिया, प्रकाश गुप्ता, अजय गुप्ता, सतीश, वेद पुरी गोस्वमी, गंगापुरी गोस्वामी, बृजेश एवं उनके अन्य सहयोगियों के विरूद्ध दर्री थाना में धारा 420,34 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

त्योहारी सीजन के मद्देनजर नगर एसपी द्वारा किया गया शहर में पैदल पेट्रोलिंग

कोरबा। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा-निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन पर त्योहारी सीजन के मद्देनजर 04.अगस्त 2022 के रात्रि नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा टी पी नगर चौक से रेलवे क्रॉसिंग तक पैदल पेट्रोलिंग की गई। पेट्रोलिंग के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक योगेश साहू द्वारा शहर के दुकानदारों एवम सराफा व्यापारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिसमें सही एंगल में सीसीटीवी कैमरा लगाने,रिकार्डिंग,एंट्री एक्जिट पाइंट,लाकर की स्थितिए,फायर सेफ्टी,कर्मचारियों का वेरिफिक्रेशन व दुकान के पीछे हिस्से में सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए साथ ही एटीएम व दुकान के सुरक्षागार्डों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। रक्षा बंधन,जन्माष्टमी और तीज पर्व के मद्देनजऱ पार्किंग हेतु दुकानदारों को आवश्यक निर्देश एवं चर्चा की गई।

नगर पुलिस अधीक्षक योगेश साहू ने बताया कि त्योहारी सीजन में असमाजिक तत्वों पर कार्यवाही एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर इस तरह की पैदल पेट्रोलिंग लगातार जारी रहेगी। पैदल पेट्रोलिंग के दौरान उनि नवल साव एवं कोतवाली सीएसईबी के स्टाफ उपस्थिति रहे।

जटगा रेंज में हाथियों ने उत्पात मचाते मवेशी को उतारा मौत के घात

कोरबा। जिले के कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज में दो दर्जन हाथी घूम रहे है हाथियों के इस दल में शामिल दंलैत हाथी गुरूवार की रात जटगा बस्ती में प्रवेश कर गया और एक ग्रामीण के घर के बाहर बंधे मवेशी को सूड से उठाकर पटक दिया जिससे मवेशी की तत्काल मौके पर मौत हो गई। बस्ती में खतरनाक दंतैल के आने व एक मवेशी को मौत के घाट उतार दिए जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल गांव पहुंचे और दंतैल को नियंत्रित करने के साथ ही उसे खदेडऩे की कार्रवाई की। खदेड़े जाने पर दंतैल ने जंगल का रूख किया। तब ग्रामीणों व वन अमले ने राहत की सांस ली।

इससे पहले सूनसान क्षेत्र में रह रहे लोगों को वन विभाग ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया था। वन विभाग की सक्रियता से कोई जनहानि नही हुई। लेकिन एक मवेशी को दंतैल ने मौत के घाट उतार दिया । वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी दंतैल के पुन: लौटने के संभावना को देखते हुए रात भर गांव में ही डंटे रहे और दंतैल की निगरानी करते रहे आज सुबह होने पर दंतैल के हमले में मृत गाय का पोस्टमार्टम कराया गया और कागजी कार्रवाई करने के बाद रिपोर्ट मुआवजा के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दी गई। उधर करतला रेंज में मौजूद नरव मादा हाथी गुरूवार की रात आगे बढक़र कुदमुरा की सीमा पर पहुंच गए। कुदमुरा के जंगलों में कुछ देर विचरण करने के बाद सुबह होने के पहले पसरखेत पहुंच गए आज सुबह हाथी को यहां के जंगल में घूमते हुए देखा गया।

प्रेमिका को कोरबा छोड़ घर लौटे युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

कोरबा। कोरबा में विगत 15 दिन से रहने के बाद अपनी प्रेमिका को छोडक़र अपने घर लौटने के बाद खाना खाने के बजाय कमरे में फांसी के फंदे को गले में डालकर युवक लटक गया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पंचनामा कार्यवाही के बाद उसे कोरकोमा पीएचसी के चीरघर भिजवा दिया।

जानकारी के अनुसार बालको नगर थाने की रजगामार चौकी क्षेत्रांतर्गत वन्य ग्राम कोरकोमा निवासी युवक लक्ष्मी प्रसाद सारथी उम्र 25 पिता सुकसाय सारथी कोरबा में रहकर रोजी-मजदूरी करते हुए अपना गुजारा कर रहा था। बीच-बीच में वह अपने घर गृहग्राम कोरकोमा आया जाया करता था। वीगत 15 दिनों से वो कोरबा में रह रहा था। यहां उसकी एक युवती के साथ प्रेम संबंध भी था, जिसको साथ लेकर लिव इन रिलेशनशीप में रह रहा था। किन्हीं बात को लेकर यहां कुछ मनभेद होने पर अपने गांव कोरकोमा कल गया था। यहां घर वालों ने उसे शाम 04 बजे के लगभग घर लौटने पर खाना भी खाने के लिए उसके सामने परोस रखा था। बताया जाता हैकि युवक खाना लेकर अपने कमरे में चला गया लेकिन खाने को छुआ तक नहीं। इसी दौरान कमरे में लगे म्यार में गमछे से फांसी का फंदा बनाकर लटक गया।

जानकारी के अनुसार काफी देर तक वह अपने कमरे से नहीं निकला तो परिवार के सदस्यों को विशेषकर उसके बड़े भाई दिल प्रसाद सारथी उर्फ दिलाश उम्र 32 को शंका हुई तो खिडक़ी की ओर से झांक कर देखा तो कमरे के अंदर का दृश्य देखकर वह विचलित हो गया। इसकी जानकारी उसने अपने माता-पिता को दी। इसके अलावा उसने रजगामार चौकी पहुंचकर इस घटना की सूचना दिया। रजगामार चौकी पुलिस ने सूचक दिलाश सारथी द्वारा सूचना दिए जाने पर शून्य पर मर्ग कायम कर घटना स्थल पहुंचकर मृतक के शव को पंचनामा कार्यवाही के बाद उसे फंदे से उतरवाकर आज सुबह पीएम के लिए कोरकोमा पीएचसी के चीरघर भिजवा दिया। रजगामार चौकी पुलिस इस घटना के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मृतक के परिजनों का बयान दर्ज करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

औषधिय पौधों का किया गया नि:शुल्क वितरण

कोरबा। प्राकृतिक सम्पदा को सम्पुष्ट करने व पर्यावरण संरक्षण करने के लिये 4 अगस्त को आयुर्वेद आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस को जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाते हुए संजय कूर्मवंसी प्रदेश संवाद प्रभारी छत्तीसगढ़ युवा भारत के मुख्य आतिथ्य में, लायन नंद किशोर अग्रवाल रीजन चेयर पर्सन रीजन 4 डिस्ट्रिक्ट 3233 सी की अध्यक्षता में एवं लायन कामायनी दुबे जोन 10 डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के विशिष्ट आतिथ्य में पतंजलि चिकित्सालय निहारिका कोरबा एवं लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के संयुक्त तत्वाधान में 5000 से अधिक औषधिय पौधों का निरूशुल्क वितरण पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में किया गया। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने भारत माता एवं आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धन्वन्तरी जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर एवं आचार्य बालकृष्ण तथा स्वामी रामदेव के तैल्य चित्र पर तिलक कर उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का स्वागत के पश्चात जड़ी बूटी दिवस के उद्देश्य के बारे मे बताते हुये पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा ने पहला सुख निरोगी काया को बताते हुये औषधीय पौधों की उपयोगिता बताते हुए गिलोय ,नीम, तुलसी, एलोवेरा एवं आंवले को धरती के पांच अमृत बताते हुए कहा की इनका दैनिक जीवन में नित्य उपयोग करने वाले व्यक्ति कभी भी रोगी नही होता। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए जड़ी बूटी दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे लायन नंदकिशोर अग्रवाल ने कहा की पतंजलि चिकित्सालय द्वारा किया जा रहा इस तरह का कार्य अत्यंत सराहनीय, जनोपयोगी एवं प्रशंसनीय है । विशिष्ट अतिथि लायन कामायनी दुबे ने कार्यक्रम की उन्मुक्त कंठ से प्रसंशा करते हुए आयोजको को साधुवाद देते हुए आयोजन की सराहना की। अंत मे मुख्य अतिथि संजय कूर्मवंसी ने स्वयं पर गिलोय नामक औषधि के प्रयोग से हुए लाभ का अनुभव बताते हुए गिलोय को धरती का अमृत बताया साथ ही उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को इसके नित्य उपयोग करने की सलाह भी दी।

बालको ने आयोजित किया महिला एवं बाल स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

कोरबा। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको ने अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं बाल स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में अनेक योजनाएं संचालित की हैं। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर ग्रामीण स्वास्थ्य परियोजना आरोग्य प्रोजेक्ट के अंतर्गत शिशुवती माताओं और गर्भवती महिलाओं को बच्चों के पोषण और सर्वांगीण विकास में स्तनपान के महत्व से परिचित कराया गया। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम. स्तनपान के लिए कदम:शिक्षित और समर्थन है।

सप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं को बच्चों के पोषण और सर्वांगीण विकास हेतु स्तनपान के प्रति जागरूक करना है। आयोजित सत्र में मितानिन मास्टर ट्रेनर्स और स्वास्थ्य एवं पोषण विशेषज्ञों के साथ महिलाओं की बातचीत शामिल है, जिसमें शिशु के जीवन के पहले छह महीनों के दौरान विशेष स्तनपान के महत्व तथा गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं आदि द्वारा पालन की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं जैसे विषयों पर जोर दिया गया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक अभिजीत पति ने कहा कि हम बालको के सतत विकास लक्ष्य-3, स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने के लिए और सभी उम्र में सभी के लिए कल्याण को बढ़ावा देना के अनुरूप प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रोजेक्ट आरोग्य अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय और स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से स्तनपान के प्रति समाज में सकारात्मक नजरिया विकसित करने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य किया है। जरूरतमंदों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने हेतु बालको कटिबद्ध है। कार्यक्रम की प्रतिभागी धनेश्वरी बघेल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के सत्र आयोजन करने और नवजात शिशुओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल में मदद करने तथा हमें जागरूकता प्रदान करने के लिए मैं बालको प्रबंधन को धन्यवाद देती हूं। मितानिन केवल श्रीवास ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं को फायदा होने के साथ-साथ समाज के अन्य महिलाओं और परिवार के सदस्यों में भी स्तपान के महत्व की समझ विकसित होती है।

बालको ने आरोग्य परियोजना के जरिए लगभग 30000 ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई हैं। वेदांता ग्रामीण चिकित्सालयों के जरिए आसपास के हजारों नागरिकों को मदद मिल रही है। इस परियोजना से क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर एचआईवीएटीबी और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर कई जागरूकता सत्र आयोजित करना शामिल है। एचआईवी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पूरे वर्ष सामुदायिक स्तर की बैठकें आयोजित की जाती रही हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए 150 पोषण गृह विकसित किए गए हैं और 500 से अधिक माताओं को सहकारी समूह से प्राप्त राशन से भोजन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है जिसका उद्देश्य माताओं और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करना है। परियोजना के माध्यम से बालको ने 21 महिला आरोग्य समिति और 11 ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति समुदायों में स्वास्थ्य निकाय को पुनर्जीवित किया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU